# भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा गोरियरा बांध, मिला बजट

## सीधी विधायक के प्रयास से मिली बड़ी सौगात, गोरियरा बांध में बनेगा भव्य रिसॉर्ट, पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। शहर का समीपी गोरियरा बांध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। यहां भव्य रिसार्ट बनाने के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह सौगात सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप मिली है।**

गोरियरा बांध क्षेत्र में व्यापक पर्यटन विकास कार्यों को शासन स्तर से स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना से न केवल स्थानीय



स्तर पर पर्यटन को गति मिलेगी बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस संपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन से स्थानीय लोगों को कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। जिला मुख्यालय के समीप में गोरियरा बांध के होने से यहां के पर्यटन गतिविधियों में क्षेत्रीय लोगों की बड़ी सहभागिता रहने वाली है। यहां व्यवसायियों के साथ ही अन्य लोगों को रोजगार के स्थाई अवसर मुहैया होंगे। गोरियरा बांध के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने के बाद यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। साथ ही सीधी जिले के लोगों को भी भव्य पर्यटन स्थल मिलेगा।

### परियोजना से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : रीती



सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक का कहना है कि सीधी के विकास और पर्यटन को नई पहचान दिलाना हमारा संकल्प है। गोरियरा बांध परियोजना से जिले को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके लिए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव एवं पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी का क्षेत्रवासियों की तरफ से अपने क्षेत्र में पर्यटन के विकास के लिए धन्यवाद किया।

### प्रथम चरण के लिये 184 लाख की स्वीकृति

गोरियरा बांध के आसपास की भूमि में प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए प्रथम चरण में कुल 184 लाख की लागत से कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जाएंगे। जिनमें शामिल हैं कैफेटेरिया ब्लॉक, किचन, व्यूइंग सिटिंग डेक, टॉयलेट कॉम्प्लेक्स, पाथवे, आकर्षक एंट्रेंस गेट। इन सुविधाओं के विकसित होने से यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए एक विशेष आकर्षण केन्द्र के रूप में उभर सकेगा।

### दूसरे चरण की बड़ी योजना भी प्रस्तावित

पहले चरण के साथ ही परिसर के व्यापक विकास हेतु दूसरे चरण का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जा चुका है( जिसमें 15 आधुनिक कॉटेज, बोट क्लब, अतिरिक्त मनोरंजक एवं पर्यटन सुविधाएं शामिल हैं। इनका निर्माण होने पर गोरियरा बांध सीधी जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल बनने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।



# बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने जुटे कांग्रेसजन : ज्ञान

## ब्लॉक कांग्रेस की संगठनात्मक बैठकों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में सीधी विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीधी शहर, सेमरिया, बरमबाबा एवं कुचवाही के मंडलम एवं सेक्टर पदाधिकारियों की अलग-अलग महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुई।**

बैठकों में संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उसे और अधिक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक एवं जन आंदोलनों की रणनीति तय करने तथा आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी मंडल एवं सेक्टर पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का संकल्प लिया। बैठकों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। जब तक संगठन बूथ स्तर पर मजबूत नहीं होगा, तब तक जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से नहीं उठाया जा सकता। हमें आपसी समन्वय के साथ जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनना होगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता त्रस्त है और कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसा विकल्प है जो गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हितों की रक्षा कर सकती है। इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को मज़बूत करना होगा। श्री सिंह ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर कहा कि पार्टी द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन, जनसंवाद और संगठन विस्तार के कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे जिसमें मंडल एवं सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। बैठकों में प्रमुख रूप से महामंत्री नवीन सिंह, महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, ब्लॉक अध्यक्षगण लालवेंद्र सिंह, अरविंद तिवारी, विवेक सिंह दीपू, सुंदरलाल सिंह सहित विभिन्न मंडलम एवं सेक्टर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरबी सिंह विधानसभा सचिवालय में अधिवक्ता सीनियर ग्रुप सी में नियुक्त

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। म.प्र. उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता सीधी जिले के आर.बी.सिंह चौहान को म.प्र. विधानसभा सचिवालय के स्थापना एवं प्रशासनिक कार्यों हेतु अधिवक्ता सीनियर ग्रुप सी में नियुक्त किए जाने पर जिलेवासियों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।**



बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से गुरूदत्त भट्ट, विनय कुमार सिंह परिहार, डॉ.अनूप मिश्रा, आदित्य सिंह, अजीत सिंह लल्ला, डॉ.विक्रम सिंह, अमित सिंह मुन्ना, ध्रुवसेन सिंह, भूपेन्द्र तिवारी, अभिमन्यु सिंह मिंटू, दिग्विजय सिंह बम्फोर्ट, संतोष सिंह बाघेल, प्रदीप मिश्रा, मण्डलीक मिश्रा, पुष्पराज सिंह भोलू, अटल सिंह, मकराध्वज सिंह, विकास मिश्रा बिक्कू, नीरज कुंदेर, साजिद शामिल हैं।

# मानव तन की सार्थकता भगवत भजन में है : बाला व्यंकटेश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। पूजा पार्क सीधी के तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ व्यासपीठ एवं कथा व्यास पं.बाला व्यंकटेश शास्त्री महराज की अभ्यार्चना से हुआ।**

एडवोकेट लालमणि सिंह चौहान, शिवकुमार शिव, बृजमोहन ब्रजेश, सुरेन्द्र सिंह बोरा, समिति की अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह, एड.रामजी गुप्ता, नीलाम्बर सिंह, अंजनी सिंह सौरभ, अवनीन्द्र मिश्रा तथा मंच संचालक डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस आदि ने माल्यार्पण से कथा व्यास पं.बाला व्यंकटेश शास्त्री का स्वागत अभिनन्दन किये। कथा को विस्तार देते हुए कथा



प्रवक्ता जी ने बताया कि हम लोगों के जीवन में कर्मेन्द्रियों एवं ज्ञानेन्द्रियों का मोह है जिससे परीक्षित बनने से अवरोध उत्पन्न होता है। महराज जी ने आगे कहा कि जिसके भीतर ईर्ष्या द्वेष नही होता वही होता है संत महात्मा और सनातन ध्वज का प्रबल पोषक। उन्होंने श्रोताओ को बताया कि मानव तन की सार्थकता तभी है जब हम परीक्षित जैसा सम्प्रश्न करके परीक्षित भाव के समर्थक बन जायें। कथा को सरलीकरण करके शास्त्रसम्मत उद्धरण दृष्टान्त देकर कथा व्यास जी ने बोधगम्य भाषा के माध्यम से कहा कि मानव तन की सार्थकता है भगवत दर्शन में। इसलिए भागवत का लाभ उन सभी श्रोताओं को उतना ही मिलता है जितना आयोजनकर्ता को। कथा प्रसंग में सीता का उद्धरण देकर बहुत सरल लहजे में बताया कि प्रभु श्रीकृष्ण को याद रखना ही सम्पत्ति और भूलना विपत्ति है किन्तु जो न भगवान को याद रखते न ही भूलते उनको अति विपत्ति आती है। अतएव हम सबको भगवत भजन में मन लगाना चाहिए। कथा में सुरेश सिंह डेम्हा, संजय सिंह चौहान बघबारी, एल.के.शर्मा, तुलसीदास मिश्रा आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

# हस्तिनापुर में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**नवभारत न्यूज**

**सेमरिया 24 जनवरी। मेरा युवा भारत सीधी द्वारा 23 जनवरी को ग्राम हस्तिनापुर में कुलदीप सिंह गहरवार जिला युवा अधिकारी सीधी के मार्गदर्शन में नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड कृषि वैज्ञानिक जेपी नवैत एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार दया सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया एवं उनके जीवन पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा नेताजी द्वारा देश के आजादी के लिए किये गए संघर्षों को बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप





से गांव के वरिष्ठ नागरिक मनमोहन बढ़ई, कामता सिंह, गोविंद केवट, राजेन्द्र सिंह, रामसुमिरन बढ़ई, मंगल बढ़ई, सतानंद विश्वकर्मा, दीनदयाल प्रजापति, परमानंद विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, दिनेश प्रजापति, राकेश सिंह, संदीप सिंह एवं मंडल सदस्यों में रावेन्द्र प्रजापति, सुनील कुमार नवैत, अजय नवैत, नरेन्द्र विश्वकर्मा, रघुवेन्द्र प्रजापति, राजीव प्रजापति, दीपेन्द्र प्रजापति, पुष्पेन्द्र प्रजापति, अशोक प्रजापति, आयुष यादव, दीपाली केवट, सोनू प्रजापति एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन स्वामी विवेकानंद युवा मंडल हस्तिनापुर द्वारा किया गया।

# सेनि . कर्मचारियों के वेतन निर्धारण का होगा सत्यापन

**सीधी 24 जनवरी।** कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण का सत्यापन न होने से पेंशन प्रकरण के निराकरण में कठिनाई जा रही है। संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा तोकानंद टेकाम ने संभागीय पेंशन अधिकारी को आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण और सत्यापन का अनुरोध किया है। श्री टेकाम ने कहा है कि वेतन निर्धारण का ऑनलाइन सत्यापन करें जिससे पेंशन प्रकरण तैयार करने में किसी तरह की कठिनाई न हो। सभी कार्यालय प्रमुख आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण का सत्यापन करा लें।

# निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राज पिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से मानव एकता दिवस का आयोजन 25 जनवरी 2026 रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन नूतन कॉलोनी सीधी में किया जाएगा।**

युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को यह दिवस समर्पित है। सत्संग का समय सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक रहेगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समूचे विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाता रक्तदान कर निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण के लिए समर्पित किया। प्रत्येक भक्त के जीवन को वास्तविक रूप में एक व्यवहारिक दिशा प्रदान की जिसके लिए मानवता उनकी सदैव ही ऋणी रहेगी उनकी इन्हीं दिव्य सिखलाईयों को वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज सत्य के प्रकाश पुंज रूप में प्रवाहित कर रहे हैं जिसकी रोशनी से हर मानव अपने जीवन का सकारात्मक रूप में कल्याण कर रहा है। रक्तदान महादान मानव सेवा का लक्ष्य महान है। युग दृष्टा बाबा हरदेव सिंह द्वारा सन 1986 से आरंभ हुई परोपकारी की यह मुहिम महा अभियान के रूप में आज अपने चरमोत्कर्ष पर है। इन शिविरों में अभी तक 14 लाख 30 हजार 177 यूनिट रक्त मानव मात्र की भलाई हेतु दिया जा चुका है और यह सेवाएं निरंतर जारी हैं।

### रक्तदान में सभी करें सहयोग : डॉ . खरे



जिला चिकित्सालय सीधी के सिविल सर्जन डॉ .एस .बी .खरे ने बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन सीधी द्वारा 25 जनवरी दिन रविवार को जिला चिकित्सालय सीधी के सहयोग से नूतन कॉलोनी स्थित निरंकारी सत्संग भवन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । जिसमें स्वयंसेवक अपना रक्तदान करेंगे साथ ही जो भी इच्छुक सज्जन भाग लेना चाहे वह सुबह 11 बजे से 3 बजे के बीच जाकर रक्तदान करके मानवता के प्रति अपना अमूल्य योगदान दे सकते है।

### एक नजर में

## इंडियन पब्लिक हाईस्कूल में हुआ सरस्वती पूजन



**कुसमी।** बसंत पंचमी के दिन इंडियन पब्लिक हाई स्कूल टमसार में मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुसमी की अध्यक्ष श्यामवती सिंह, सेनि . डीईओ रणमत सिंह, पीएम श्री प्राचार्य रामपाल सिंह, शिक्षक लखपति सिंह, प्रभुदयाल प्रजापति, डॉ .राकेश प्रजापति, विद्यालय के संचालक दीपक कुमार प्रजापति, शिक्षक लोकनाथ प्रजापति, अशोक सिंह, भइयालाल बैगा, राहुल प्रजापति, राजेश टांडिया, शांति सिंह, सुमित्रा सिंह, ललिता पनाडिया, मधु साहू, रामकुमार यादव, पन्नालाल सिंह, अनिल सिंह, विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं सैकड़ो अभिभावक के उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सीधी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, सीधी में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित समय से पूर्व नियत स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं तत्परता से निर्वहन करें।

## भारत पर्व के अवसर पर होंगी भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सीधी।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव ''भारत पर्व'' कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मानस भवन में सायं 6 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परम्परा एवं लोककलाओं के माध्यम से गणतंत्र दिवस के उल्लास को और अधिक भव्य बनाना लें। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोकगायिका सुश्री मणिमाला सिंह रीवा द्वारा लोकगायन एवं मोहन सिंह बैगा डिण्डोरी द्वारा पारम्परिक करमा एवं बैगा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो दर्शकों को जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराएंगी। इसके साथ ही जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रहने की संभावना है।

# अहंकार त्यागकर ईश्वर की शरण में जाना ही कल्याण का मार्ग है : आचार्य अतुल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर आचार्य अतुल पाठक महाराज ने अपने मुखारविंद से अमृतमयी वाणी के माध्यम से श्रद्धालुओं को कथा रस का रसास्वादन कराया।**

कथा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू, विनोद



मिश्रा, महामंत्री नवीन सिंह, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य मनोज सिंह, महेंद्र सिंह, पंकज सिंह ने माल्यार्पण कर आचार्य का अभिनंदन किया।

आचार्य अतुल पाठक ने बताया कि भगवान विष्णु की इच्छा मात्र से सृष्टि की रचना होती है। ब्रह्मा जी का कमल से प्रकट होना, पंचमहाभूतों की उत्पत्ति और यह संदेश कि पूरा संसार भगवान की माया से संचालित है। अहंकार त्यागकर ईश्वर की शरण में जाना ही कल्याण का मार्ग है कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्तिएश्रद्धा एवं अध्यात्म का भाव बना रहा। कथा आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ है।

# शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आयोजित होगी कैरियर काउंसलिंग

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में जिले के समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में 27 से 31 जनवरी 2026 तक कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों हेतु 5 दिवसीय कैरियर मेला एवं कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।**

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं कौशल आधारित कैरियर विकल्पों, कैरियर योजना, भविष्य की तैयारी तथा शासकीय सेवाओं से संबंधित अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थी अपने रूचि एवं क्षमता के अनुरूप सही कैरियर का चयन कर सकें। डीईओ पवन कुमार सिंह द्वारा समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए विशेषज्ञों की स्कूलवार सुझावात्मक सूची सहित विधिवत आदेश जारी किए गए हैं।

# विंध्य की धरती पर सिनेमा का उत्सव : विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 29 से

## 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव भारतीय एवं वैश्विक सिनेमा की विविध विधाओं को एक मंच पर करेगा प्रस्तुत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 24 जनवरी। विंध्य क्षेत्र में सिनेमा, संस्कृति और वैचारिक संवाद को नई पहचान देने के उद्देश्य से विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 7वें संस्करण का आयोजन आगामी 29 से 31 जनवरी 2026 तक सीधी के वैष्णवी गार्डन में किया जा रहा है। यह 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव भारतीय एवं वैश्विक सिनेमा की विविध विधाओं को एक मंच पर प्रस्तुत करेगा।**

इस वर्ष फेस्टिवल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रतिसाद मिला है। 35 देशों से प्राप्त 210 फिल्मों में से 75 फिल्मों का अंतिम चयन किया गया है। इनमें 15 फीचर फिल्में शामिल हैं जबकि शेष शॉर्ट फिल्में और डॉक्यूमेंट्री हैं। चयनित फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में प्रदर्शित किया जाएगा तथा श्रेष्ठ फिल्मों को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महोत्सव में सिनेमा, साहित्य और मीडिया जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां





आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इनमें वरिष्ठ पत्रकार एवं कला समीक्षक गिरिजा शंकर, मशहूर अभिनेत्री कामना पाठक, अभिनेता संदीप श्रीधर, हंस पत्रिका की सह-संपादक शोभा अक्षर, फिल्म निर्देशिका देवयानी अनंत, शिक्षाविद डॉ.शंपा मजूमदार, अभिनेता सतीश बादल तथा इंद्रमोहन सिंह प्रमुख हैं। फेस्टिवल में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के फिल्मकार भी भाग लेंगे। इटली से फिल्म निर्देशक स्टीफेनो रोसेटी सहित भारत के विभिन्न राज्यों से निर्माता-निर्देशक सीधी पहुंचेंगे और फिल्म स्क्रीनिंग के साथ-साथ संवाद सत्रों में सहभागिता करेंगे। फेस्टिवल की एक विशेष बात यह है कि इसमें प्रवेश पूरी तरह से नि:शुल्क रखा गया है। दर्शक फेस्टिवल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एंट्री रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त फेस्टिवल स्थल वैष्णवी गार्डन में भी तीनों दिन नि:शुल्क पास उपलब्ध रहेंगे।

फेस्टिवल के समापन के बाद 1 फरवरी को सभी आमंत्रित अतिथियों और फिल्मकारों को जिले के आदिवासी गांवों का विशेष भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान अतिथि आदिवासी लोक कलाओं, सांस्कृतिक परंपराओं और पारंपरिक खान-पान से रूबरू होंगे। आयोजकों के अनुसार, यह पहल स्थानीय आदिवासी संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के अनेक संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, होटल समूहों, मीडिया हाउस और व्यापारिक सहयोगियों का उल्लेखनीय योगदान रहा है जिनके सहयोग से यह महोत्सव आकार ले सका है। फिल्म स्क्रीनिंग के साथ-साथ महोत्सव के दौरान टॉक सेशन, पैनल डिस्कशन और सिनेमा व संस्कृति पर आधारित विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

### इनका कहना है

आयोजन समिति के संरक्षक डॉ .अनूप मिश्रा ने कहा कि यह फेस्टिवल केवल बड़े शहरों या विशेषज्ञों के लिए नहीं है बल्कि विंध्य के आम दर्शक, छात्र और स्थानीय कलाकार इसके केन्द्र में हैं। हमारा प्रयास है कि सिनेमा यहां के लोगों की आवाज बने और उन्हें वैश्विक सिनेमा से जोड़े।

आयोजन समिति सदस्य इंजी .आर .बी .सिंह ने कहा कि यह फिल्म महोत्सव विंध्य क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

फेस्टिवल के डायरेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि हमें गर्व है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यह फेस्टिवल वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। 35 देशों से आई फिल्में इसकी विश्वसनीयता का प्रमाण हैं।

को-डायरेक्टर नीरज कुंदेर ने कहा कि यह आयोजन युवा और स्वतंत्र पुिल्मकारों के लिए एक सशक्त मंच है जहां उनकी कहानियां सीधे दर्शकों तक पहुंचेंगी।